# HINDI B

## Class 10 - हिंदी ब

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ
- खंड क में अपठित गदयांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

### खंड क - अपठित बोध

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[7]**

शिवाजी का नाम प्रत्येक भारतीय जानता है। इनको महान बनाने का श्रेय समर्थ गुरु रामदास को है। समर्थ गुरु रामदास का जन्म सन् 1608 ई. में एक छोटे से ग्राम में हुआ था। इनकी माता का नाम राणुबाई था और इनके पिता का नाम सूर्याजी पंत था। इनका बचपन का नाम नारायण था। प्रारम्भ से ही ये विवाह नहीं करना चाहते थे। विवाह मंडप से ही ये भाग गए थे।

घर छोड़कर नासिक में एक गुफा में रहकर तप करने लगे। एक पटवारी की स्त्री को आशीर्वाद देकर उसके पति को जिंदा कर देने की घटना से उनका यश चारों ओर फैल गया।

बाद में शिवाजी ने इन्हें अपना गुरु बनाया। शिवाजी समस्त कार्य उनकी आज्ञा से करते थे। शिवाजी ने एक बार भीख माँगने पर सारा राज्य इनको दे दिया। बाद में गुरु के कहने पर मंत्री के रूप में राज्य का कार्य करने लगे। इनमें अनेक आश्चर्य में डालने वाली शक्तियाँ थीं। इन्होंने शिवाजी की वीरता की परीक्षा शेरनी का दूध मँगाकर की थी। शिवाजी के साथ गुरु रामदास का नाम हमेशा लिया जाता है।

1. समर्थ गुरु रामदास का जन्म कब हुआ था? (1)
   (क) सन् 1708 ई.
   (ख) सन् 1808 ई.
   (ग) सन् 1908 ई.
   (घ) सन् 2008 ई.
2. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:
   **कथन (A):** शिवाजी को महान बनाने का श्रेय समर्थ गुरु रामदास को जाता है।
   **कारण (R):** समर्थ गुरु रामदास ने शिवाजी को शेरनी का दूध लाने जैसी परीक्षाओं द्वारा उनकी वीरता को परखा।
   **विकल्प:**
   (क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
   (ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
   (ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
   (घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

SATISH SCIENCE ACADEMY

3. गुरु रामदास के बचपन का क्या नाम था? (1)

(क) रामदास

(ख) नारायण

(ग) हरिओम

(घ)शिवाजी

4. किस घटना से गुरु रामदास का यश चारों ओर फैल गया? (2)

5. गुरु रामदास ने शिवाजी की परीक्षा कैसे ली? (2)

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[7]**

मृत्यु अर्थात् यमराज के घर का मार्ग सचमुच बड़ा भयावना था। नचिकेता ने देखा कि अपने-अपने कर्मों के कारण लोग मृत्यु से किस तरह घबराते हैं। हृदय में छाई हुई पाप की रेखाओं से लोगों का मन इतना भयभीत है कि सारे मार्ग में हाहाकार मचा हुआ है। कोई अपने पुत्र के लिए रो रहा है तो किसी को पत्नी के वियोग का दुःख है। परन्तु नचिकेता को तो सचमुच अपूर्व आनन्द मिल रहा था। प्रसन्नता और उत्साह के साथ उसने मार्ग की सारी कठिनाइयों का अन्त कर दिया। पिता की आज्ञा के पालन करने में उसे जो शान्ति मिल रही थी, वह भूलोक के मायाग्रस्त जीवन में कहीं नहीं थी। निर्भीक नचिकेता जिस समय मृत्यु के द्वार पर पहुँचा, उस समय संयोग से यमराज कहीं बाहर गए हुए थे। अतः द्वारपालों ने उसे भीतर घुसने की अनुमति नहीं दी। विवश होकर उसे बाहर एक वृक्ष के नीचे सुन्दर चबूतरे पर बैठकर यम की प्रतीक्षा करनी पड़ी।

1. लोगों का मन भयभीत क्यों है? (1)

(क) मृत्यु के भय के कारण

(ख) पुत्र या पत्नी वियोग के कारण

(ग) यमराज के डर के कारण

(घ) हृदय में छाई हुई पाप की रेखाओं के कारण

2. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

**कथन (A):** नचिकेता ने मृत्यु के मार्ग में आने वाली कठिनाइयों को उत्साह और प्रसन्नता से पार कर लिया।

**कारण (R):** नचिकेता को अपने पिता की आज्ञा का पालन करने में आत्मिक शांति और संतोष प्राप्त हो रहा था।

**विकल्प:**

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

3. भूलोक का समानार्थी शब्द बताइए। (1)

(क) स्वर्ग लोक

(ख) पृथ्वी लोक

(ग) नर्क लोक

(घ) यम लोक

4. नचिकेता ने लोगों को अपने कर्मों के कारण किस दशा में देखा? (2)

5. यमराज के निवास की ओर जाते हुए नचिकेता आनंद का अनुभव क्यों कर रहे थे? (2)

## खंड ख - व्यावहारिक व्याकरण

3. निम्नलिखित वाक्यों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **[4]**

i. खिलाड़ी मैदान की ओर गए हैं। वाक्य में **क्रिया-विशेषण पदबंध** की पहचान कीजिए।

ii. बाजार से **सब्जियाँ लाने रीमा** को भेजा गया। रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए।

iii. पिता ने बच्चों से कहा कि जबतक उनकी माता घर न आए तब तक सभी घर पर ही उनका इंतजार करें। वाक्य में प्रयुक्त **अव्यय पदबंध** लिखिए।

iv. गुलाबी रंग का **पेन मोहित** का है। रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए।

SATISH SCIENCE ACADEMY

v. पासा में एक सुंदर और शक्तिशाली युवक रहता था। इस वाक्य में **विशेषण पदबंध** क्या है?

4. नीचे लिखें वाक्यों में से **किन्हीं चार** वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए- **[4]**

i. बालक रोता रहा और चुप हो गया। (सरल वाक्य में)

ii. वह फल खरीदने के लिए बाज़ार गया। (संयुक्त वाक्य में)

iii. वह वास्तव में बहुत धनी है। उसमें कुछ भी अभिमान नहीं है। (संयुक्त वाक्य में)

iv. आप द्वार पर बैठें। उसकी प्रतीक्षा करें। (मिश्र वाक्य में)

v. जब सूर्योदय हुआ तो चिड़ियाँ चहचहाने लगीं। (सरल वाक्य में)

5. निर्देशानुसार **किन्हीं चार** प्रश्नों का उत्तर दीजिए और उपयुक्त समास का नाम भी लिखिए। **[4]**

i. आजन्म (विग्रह कीजिए)

ii. शताब्दी (विग्रह कीजिए)

iii. सौ अब्दों का समूह (समस्त पद लिखिए)

iv. अधरपल्लव के समान (समस्त पद लिखिए)

v. जीती गई इन्द्रियां हैं जिसके द्वारा (समस्त पद लिखिए)

6. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** मुहावरों का वाक्य में प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि उनका आशय स्पष्ट हो जाए: **[4]**

i. रंगे हाथ पकड़ना

ii. बीड़ा उठाना

iii. बाएँ हाथ का खेल

iv. जान बख्श देना

v. मुँह की खाना

**खंड ग - गद्य खंड (पाठ्यपुस्तक)**

7. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **[5]**

क्रोध में उसने तलवार निकाली और कुछ विचार करता रहा। क्रोध लगातार अग्नि की तरह बढ़ रहा था। लोग सहम उठे। एक सन्नाटा-सा खिंच गया। जब कोई राह न सूझी तो क्रोध का शमन करने के लिए उसमें शक्ति भर उसे धरती में घोंप दिया और ताकत से उसे खींचने लगा। वह पसीने से नहा उठा। सब घबराए हुए थे। वह तलवार को अपनी ओर खींचते-खींचते दूर तक पहुँच गया। वह हाँफ रहा था। अचानक जहाँ तक लकीर खिंच गई थी, वहाँ एक दरार होने लगी। मानो धरती दो टुकड़ों में बँटने लगी हो। एक गड़गड़ाहट-सी गूँजने लगी और लकीर की सीध में धरती फटती ही जा रही थी। द्वीप के अंतिम सिरे तक तताँरा धरती को मानो क्रोध में काटता जा रहा था। सभी भयाकुल हो उठे। लोगों ने ऐसे दृश्य की कल्पना न की थी, वे सिहर उठे।

i. प्रस्तुत गद्यांश के लेखक और पाठ का क्या नाम है?

क) लीलाधर मंडलोई-तताँरा-वामीरो कथा
ख) प्रेमचंद-बड़े भाई साहब
ग) रवींद्र केलेकर-झेन की देन
घ) निदा फाजली-अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुःखी होने वाले

ii. तताँरा ने क्रोध में आकर कौन-सा कार्य किया?

क) तलवार निकाली और कुछ विचार करता रहा
ख) वामीरो की माँ पर हाथ उठा दिया
ग) तलवार निकाली और कुछ विचार करता रहा और तलवार को धरती में घोंप दिया
घ) तलवार को धरती में घोंप दिया

iii. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन (A):** तताँरा अपनी तलवार को धरती में घोंप कर उसे खींचने लगा।

**कारण (R):** अपने क्रोध को शांत करने का उसके पास और कोई तरीका नहीं था।

क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा
ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

SATISH SCIENCE ACADEMY

कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

iv. गाँव के लोग किस कारण सिहर उठे थे?

क) फटती हुई धरती को देखकर

ख) तताँरा के क्रोध को देखकर और फटती हुई धरती को देखकर

ग) तताँरा के क्रोध को देखकर

घ) तताँरा की तलवार को देखकर

v. धरती दो टुकड़ों में क्यों बँटने लगी थी?

क) वामीरो की माँ द्वारा गाँव का विभाजन करना

ख) तताँरा-वामीरो का वियोग होना

ग) तताँरा को देश निकाला मिलना

घ) तताँरा द्वारा तलवार से धरती पर लंबी रेखा खींचना

8. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

i. प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में आप क्या सहयोग दे। सकते हैं? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए। **[2]**

ii. **झेन की देन** के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि कौन निरर्थक बोलता है और क्यों? **[2]**

iii. कंपनी के वकील का कत्ल करने के बाद वज़ीर अली ने अपनी हिफ़ाजत कैसे की? कारतूस पाठ के आधार पर बताइए। **[2]**

iv. **बड़े भाई साहब** कहानी में आपने पढ़ा कि छोटा भाई कक्षा में अव्वल दर्जे से पास हो रहा था और बड़े भाई साहब असफल, फिर भी वह बड़े भाई की नज़रों से बचकर अपने खेल संबंधी शौक पूरे करता था। इसके पीछे क्या कारण रहे होंगे? **[2]**

## खंड ग - काव्य खंड (पाठ्यपुस्तक)

9. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **[5]**

सुखिया सब संसार है खाए अरु सोवै।
दुखिया दास कबीर है जागे अरु रोवै।।
निंदक नेड़ा राखिये, आँगणि कुटी बँधाइ।
बिन साबण पाँणीं बिना, निरमल करै सुभाइ।।
पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुवा, पंडित भया न कोइ।
एकै अषिर पीव का, पढ़ै सु पंडित होइ।।

i. निंदक क्या करता है?

क) हमारी प्रशंसा करता है

ख) हमारी निंदा करता है

ग) हमें विद्वान बनाता है

घ) हमारा स्वभाव निर्मल करता है

ii. पंडित कौन नहीं होता है?

क) प्रेम को जानने वाला

ख) जो पंडित हो

ग) पोथी पढ़ने वाला

घ) प्रेम करने वाला

iii. संसार में सुखी कौन नहीं है?

क) कबीर

ख) जो पोथी पढ़ता हो

ग) जो भक्ति करता हो

घ) जो सारी चिंताओं से मुक्त हो

iv. निंदक का क्या अर्थ होता है?

क) ईश्वर

ख) निंदा करने वाला

SATISH SCIENCE ACADEMY

ग) पागल

घ) प्रशंसा करने वाला

v. उपरोक्त दोहों के माध्यम से कबीर कहना चाहते हैं -

i. निंदक को हमेशा अपने से दूर रखना चाहिए।

ii. अच्छे स्वभाव के लिए साबुन की आवश्यकता होती है।

iii. पोथी पढ़ने से कोई विद्वान नहीं हो सकता है।

iv. इस संसार मे रोने वाला ही सच्चा इंसान है।

v. प्रेम को समझने वाला ही ज्ञानी होता है।

इन वाक्यों में से कौन सही नहीं है।

क) (ii), (iii), (v)

ख) (i), (ii), (iv)

ग) (i), (v), (iii)

घ) (iv), (i), (iii), (ii)

10. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

i. प्रथम पद में मीरा अपने आराध्य से कैसे और क्या प्रार्थना करती हैं? **[2]**

ii. भाव स्पष्ट कीजिए- **[2]**

वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद।

iii. ज़िन्दा रहने के मौसम बहुत हैं मगर जान देने की रुत रोज़ आती नहीं। पंक्ति के माध्यम से कवि देशवासियों को क्या संदेश देना चाहते हैं? स्पष्ट कीजिए। **[2]**

iv. विपदाओं से मुझे बचाओ, यह मेरी प्रार्थना नहीं पंक्ति द्वारा रवींद्रनाथ ठाकुर क्या कहना चाहते हैं और क्यों? **[2]**

## खंड ग - संचयन (पूरक पाठ्यपुस्तक)

11. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

i. **हरिहर काका** के प्रति लेखक की चिंता के क्या कारण थे? एक शिक्षित व जागरूक नागरिक के रूप में उसे हरिहर काका की सहायता किस प्रकार करनी चाहिए थी? **[3]**

ii. **सपनों के-से दिन** पाठ के आधार पर तब के स्कूली बच्चों के पहनावे तथा खेल-कूद की तुलना आज के स्कूली बच्चों से कीजिए। दोनों में से आप किसे अच्छा समझते हैं और क्यों? **[3]**

iii. बुद्धिमान होते हुए भी टोपी नवीं कक्षा में दो बार फेल हो गया। इस घटना का दोष उसकी पारिवारिक स्थितियों को दिया जाए या शिक्षा व्यवस्था को? अपने तर्क सम्मत विचार दीजिए। **[3]**

## खंड घ - रचनात्मक लेखन

12. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिये:** **[5]**

i. **आतंकवाद के दुष्परिणाम** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 80 से 100 शब्दो में अनुच्छेद लिखिए। **[5]**

- आतंक के प्रसार के कारण
- भारत और विश्व में आतंकवाद
- निदान के उपाय

ii. **बुजुर्गों के प्रति सम्मान** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[5]**

- अवहेलना से तात्पर्य
- क्यों ज़रूरी है सम्मान
- चेहरों की चमक कैसे लौटे

iii. **हरित ऊर्जा : सुरक्षित भविष्य** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[5]**

भूमिका, अर्थ, प्रभाव, समस्याएँ, समाधान

13. **स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत** अभियान का आपके आस-पड़ोस में क्या प्रभाव दिखाई देता है? उसकी अच्छाइयों और सीमाओं की चर्चा करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। **[5]**

SATISH SCIENCE ACADEMY

अथवा

आपके शहर में सभी प्रकार के खाद्य पदार्थों में मिलावट का धंधा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। अपने राज्य के खाद्य-मंत्री को पत्र लिखकर इस समस्या के प्रति उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए।

14. विद्यालय में छुट्टी के उपरांत फुटबॉल खेलना सीखने की विशेष कक्षाएँ आयोजित की जाएँगी। इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा अपना नाम देने हेतु सूचना-पट्ट के लिए एक सूचना लिखिए। **[4]**

अथवा

आपके विद्यालय में आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। छात्र कल्याण परिषद् के सचिव होने के नाते कक्षा **9** से **12** तक सभी छात्रों को इस कार्यशाला की विस्तृत जानकारी देते हुए लगभग **60** शब्दों में एक सूचना-पत्र तैयार कीजिए।

15. लाल बाग में पुष्प-प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उसके प्रचार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। **[3]**

अथवा

पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन **25-50** शब्दों में तैयार कीजिए।

16. आप कमलदीप/पूनम हैं। अपने मुहले में बरसात के बाद होने वाली जल-भराव की समस्या को दूर करने के लिए नगर-निगम अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखिए। **[5]**

अथवा

**यदि मैं समाचार-पत्र होता** विषय पर एक लघुकथा लिखिए।

SATISH SCIENCE ACADEMY